महाविद्यालय में एनीमिया जांच शिविर का आयोजन

दिनांक 21 फरवरी 2019 को अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ के प्रांगण में ब्लड बैंक डेरा संत भगत सिंह जी महाराज चैरिटेबल अस्पताल और यूथ रेड क्रॉस के तत्वावधान में 'एनीमिया भगाओ' अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं में हीमोग्लोबिन की मात्रा की जांच की गयी क्योंकि हीमोग्लोबिन तत्व की रक्त में कमी के कारण एनीमिया नामक रोग होता है। शिविर में 254 छात्राओं ने अपने रक्त की जांच कराई जिसमें 13 छात्राओं को एनिमिक पाया गया। इसमें छात्राओं को उनके रक्त समूह की भी जानकारी दी गयी। एनिमिया ग्रस्त छात्राओं को सप्लिमेंट प्रदान किये गए व आयरन युक्त भोजन का सेवन करने की सलाह दी गयी।
महाविद्यालय में बार-बार एनीमिया जांच शिविर लगाए जाते हैं क्योंकि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत जी का प्रण है कि महाविद्यालय को एनीमिया मुक्त बनाया जाये। प्राचार्य जी सदैव नारी सशक्तिकरण व नारी उत्थान के लिए प्रयास करते रहते हैं क्योंकि प्राचार्य जी का कहना है कि स्वस्थ नारी ही स्वच्छ, स्वस्थ व संपन्न भारत के निर्माण में अपना सहयोग दे पाएंगीं। शिविर के आयोजन का कार्यभार 'फाउंडेशन अगेंस्ट थैलीसीमिया (रजि०)' के महासचिव श्री रविंद्र डुडेजा जी व उनकी टीम ने संभाला। वे महाविद्यालय के इन शिविरों में अपना शत प्रतिशत योगदान प्रदान करते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस के कोर्डिनेटर डॉ० जयपाल सिंह, महाविद्यालय के रेड क्रॉस की दूसरी इकाई के कॉउंसलर श्री सुभाष व इकाई तीनं के कॉउंसलर श्री लवकेश मौजूद थे ।

अन्तर्महाविद्यालय निबंध लेखन प्रतियोगिता

अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ में दिनांक 21 फरवरी 2019 को संस्कृत साहित्य परिषद् के तत्वावधान में 'गीता का महत्व और कालिदास का साहित्यिक परिचय' विषय पर अन्तर्महाविद्यालय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत जी के कुशल नेतृत्व व देख रेख में किया

गया। प्रतियोगिता में जिला पलवल व फरीदाबाद के 4 महाविद्यलयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक निबंध लिखकर अपने विचार प्रस्तुत किये। अन्य महाविद्यालयों से आये साथी प्रध्यापकगणों ने निबंध के शीर्षक की प्रशंसा करते हुए कहा कि दोनों ही शीर्षक बहुत महत्वपूर्ण हैं।

इस प्रकार के कार्यक्रमों द्वारा विद्यार्थियों में मौलिकता, रचनात्मक आदि भावनाएं अंकुरित होती हैं। इसलिए समय-समय पर इन गतिविधियों का आयोजन आवश्यक है।

प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा-

प्रथम- निशा, अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़

द्वितीय- पूजा, सरस्वती महिला महाविद्यालय, पलवल

तृतीय- अमरीना, राजकीय महिला महाविद्यालय, फरीदाबाद तथा पूजा रानी, सरस्वती महिला महाविद्यालय, पलवल

सांत्वना पुरस्कार- चेतना, अग्रवाल महाविद्यालय, बल्ल्भगढ़ तथा राधा, के० एल० मेहता दयानन्द महिला महाविद्यालय, फरीदाबाद

कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्कृत विभागाध्यक्षा डॉ० पूजा सैनी, पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ० रामचंद्र की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में उप-प्राचार्या श्रीमती कमल टंडन के कर कमलों द्वारा विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित एवं पुरुस्कृत किया गया।